# BIRLA PUBLIC SCHOOL GANGANAGAR

**(A UNIT OF BIRLA EDUCATION TRUST PILANI)**

**(A *step ahead…*)**

CBSE AFFILIATION NO. 1730974

**Session 2026-27**

**Circular**

**Ref. No: BPSG/2026-27/EC/0066-A** **दिनांक –7 अगस्त, 2026**

**गतिविधि:-' 'श्लोक सुधा '**

**प्रिय अभिभावक एवं विद्यार्थियों,**

**अभिवादन!**

आपको यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि कक्षा छठी के विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि एवं संस्कारों के विकास हेतु **'श्लोक सुधा '** नामक संस्कृत गतिविधि का आयोजन करवाना सुनिश्चित किया गया है |

**इस गतिविधि के मुख्य उद्देश्य:**

1. विद्यार्थियों को **नीतिपरक एवं प्रेरणादायी श्लोकों** के महत्त्व से परिचित करवाना।
2. संस्कृत श्लोकों को **कंठस्थ** कराकर भाषा के प्रति रुचि एवं प्रेम विकसित करना।
3. विद्यार्थियों की **स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास एवं शुद्ध उच्चारण** का विकास करना।
4. विद्यार्थियों में **भारतीय संस्कृति, जीवन-मूल्यों एवं संस्कृत भाषा** के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करना।
5. श्लोकों के माध्यम से विद्यार्थियों में **नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक जीवन-दृष्टि** का विकास करना।

**कार्यक्रम का विवरण:**

**स्थान:** संस्कृत कक्षा **दिनांक:** 25 अगस्त, 2026 **समय:** संस्कृत कालांश

विद्यार्थियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा |

1. **शुद्ध उच्चारण एवं भाषा-शैली**
2. **कंठस्थता एवं विषय-ज्ञान**
3. **अभिव्यक्ति एवं प्रस्तुति**
4. **आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण**
5. **श्लोक के भाव एवं अर्थ की समझ**

विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे नीतिपरक एवं प्रेरणादायी संस्कृत श्लोक कंठस्थ कर उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति दें तथा श्लोक के भाव एवं अर्थ को भी समझें।हमें विश्वास है कि विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता इस गतिविधि को ज्ञानवर्धक, संस्कारपूर्ण एवं सफल बनाएगी।

**सादर**

**बीपीएसजी**

ESTD. 2019